http://www.a2zSubjects.com

# MP BOARD CLASS 10 PAPER 2014

## सामाजिक विज्ञान : कक्षा X

### खण्ड-अ

**प्रश्न 1.** रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए— 1 × 5 = 5

(अ) सामाजिक वानिकी योजना को .................. से वित्तीय सहायता प्राप्त हो रही है।

(ब) दिल्ली की जनता ने .................. को भारत का सम्राट् घोषित किया था।

(स) नशामुक्ति के लिये मद्यनिषेध अभियान .................. ने चलाया था।

(द) शिक्षा एवं स्वास्थ्य .................. अधो-संरचना के अंग हैं।

(इ) आई. एस. आई. .................. स्तर का मानक है।

**उत्तर**—(अ) विश्व बैंक, (ब) बहादुरशाह (द्वितीय), (स) महात्मा गांधी, (द) सामाजिक, (इ) गुणवत्ता।

**प्रश्न 2.** निम्नलिखित में प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक वाक्य/शब्द में दीजिए— 1 × 5 = 5

(अ) अचानक उत्पन्न होने वाली प्राकृतिक आपदाएँ कौन-कौन-सी हैं ? कोई दो लिखिए।

(ब) भारत में मौलिक अधिकारों का संरक्षक कौन है ?

(स) नगरपालिका और नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों के निर्वाचित प्रतिनिधि को क्या कहते हैं ?

(द) मानव विकास सूचकांक की गणना किसके आधार पर की जाती है ? कोई **एक** लिखिए।

(इ) राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस कब मनाया जाता है ?

**उत्तर**—(अ) भूकम्प व बादल फटना, (ब) सर्वोच्च न्यायालय, (स) पार्षद, (द) जीवन प्रत्याशा, (इ) 24 दिसम्बर।

**प्रश्न 3.** सत्य/असत्य बताइए— 1 × 5 = 5

(अ) लोकसभा को उच्च सदन कहा जाता है।

(ब) जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में प्रथम स्थान है।

(स) उत्पादक कार्यों में पूँजी लगाने को विनियोग कहा जाता है।

(द) स्वर्ण आभूषणों की गुणवत्ता को प्रमाणित करने वाला चिह्न हॉलमार्क कहलाता है।

(इ) विश्व व्यापार संगठन की स्थापना सन् 1995 में हुई थी।

**उत्तर**—(अ) असत्य, (ब) असत्य, (स) सत्य, (द) सत्य, (इ) सत्य।

**प्रश्न 4.** सही जोड़ियाँ बनाइए— 1 × 5 = 5

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (अ) आकाशवाणी | (i) तृतीयक क्षेत्र |
| (ब) स्वामी विवेकानन्द | (ii) छतरपुर |
| (स) चरण पादुका गोलीकांड | (iii) द्वितीयक क्षेत्र |
| (द) परिवहन एवं संचार | (iv) 1957 |
| (इ) सीमेण्ट का कारखाना | (v) रामकृष्ण मिशन |

**उत्तर**—(अ)→(iv), (ब)→(v), (स)→(ii), (द)→(i), (इ)→(iii)।

**प्रश्न 5.** सही विकल्प चुनकर लिखिए—

(अ) मध्य प्रदेश किस खनिज के उत्पादन में भारत में प्रथम स्थान रखता है ? 1 × 5 = 5

(i) लोहा (ii) अभ्रक
(iii) सोना (iv) हीरा।

(ब) भारत की औद्योगिक नीति की घोषणा किस वर्ष में की गयी ?

(i) 1947 (ii) 1951
(iii) 1948 (iv) 1972.

(स) भारत और चीन युद्ध हुआ था—

(i) 11 जुलाई, 1963 (ii) 20 अक्टूबर, 1962
(iii) 20 अगस्त, 1964 (iv) 11 जुलाई, 1965.

(द) संविधान में मौलिक कर्त्तव्य कितने बताए गये हैं ?

(i) 5 (ii) 14
(iii) 18 (iv) 10.

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

(इ) आर्थिक विकास का परिणाम है—

(i) जीवन स्तर में सुधार का (ii) आर्थिक कल्याण में वृद्धि का

(iii) जीवन प्रत्याशा में वृद्धि का (iv) ये सभी।

उत्तर—(अ) (iv), (ब) (iii), (स) (ii), (द) (iv), (इ) (iv)।

## खण्ड-ब

प्रश्न 6. मृदा अपरदन से क्या तात्पर्य है ? 2

*अथवा*

ऊर्जा के परम्परागत एवं गैर-परम्परागत साधनों के नाम बताइए।

प्रश्न 7. 1857 के स्वतन्त्रता संग्राम का तात्कालिक कारण क्या था ? 2

*अथवा*

1857 के स्वतन्त्रता संग्राम के प्रमुख दो नेताओं के नाम बताइए।

प्रश्न 8. इण्डिया विजन-2020 क्या है ? 2

*अथवा*

प्रति व्यक्ति आय क्या है ? इसकी गणना का सूत्र लिखिए।

प्रश्न 9. अर्थव्यवस्था के द्वितीयक क्षेत्र को उदाहरण की सहायता से समझाइए। 2

*अथवा*

अधो-संरचना के प्रकार लिखिए।

प्रश्न 10. उपभोक्ता शोषण से क्या आशय है ? 2

*अथवा*

उपभोक्ता के क्या कर्त्तव्य हैं ? कोई **दो** लिखिए।

प्रश्न 11. स्वामित्व के आधार पर उद्योगों के कितने प्रकार हैं ? किन्हीं **दो** का वर्णन कीजिए। 4

*अथवा*

आकार के आधार पर उद्योगों के कितने प्रकार हैं ? किन्हीं **दो** का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 12. आन्तरिक जल परिवहन की प्रमुख बाधाएँ कौन-कौन सी हैं ? किन्हीं **दो** को लिखिए। 4

*अथवा*

इण्टरनेट से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न 13. आपदाओं से क्या तात्पर्य है ? यह कितने प्रकार की होती हैं ? 4

*अथवा*

प्राकृतिक आपदाओं के लिये वनों का विनाश उत्तरदायी है। क्या यह सच है ? समझाइए।

प्रश्न 14. रोलेट एक्ट क्या था ? 4

*अथवा*

जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

प्रश्न 15. भारत और चीन युद्ध के क्या परिणाम हुए ? कोई **चार** लिखिए। 4

*अथवा*

ताशकन्द समझौते की शर्तें लिखिए।

प्रश्न 16. भारत का संविधान लिखित एवं विस्तृत क्यों है ? वर्णन कीजिए। 4

*अथवा*

भारत के नागरिकों के मौलिक अधिकारों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 17. समाजवादी अर्थव्यवस्था के कोई **चार** गुण लिखिए। 4

*अथवा*

वैश्वीकरण का छोटे उत्पादकों पर क्या प्रभाव पड़ा है ?

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

प्रश्न 18. भारत के दिये गये सीमाकार मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए— 5
(अ) नीलगिरि पर्वत, (ब) नर्मदा नदी, (स) कर्क रेखा, (द) दिल्ली–कोलकाता रेलवे लाइन, (इ) हजीरा–जगदीशपुर गैस पाइप–लाइन।

*अथवा*

निम्नलिखित मौसमी दशाओं को स्पष्ट करने हेतु संकेत बनाइए—
(अ) हिम, (ब) वर्षा, (स) ओला, (द) कुहरा, (इ) धुँधला प्रकाश।

प्रश्न 19. स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में 1929 के लाहौर–अधिवेशन का क्या महत्त्व है ? 5

*अथवा*

सविनय अवज्ञा आन्दोलन चलाये जाने के क्या कारण थे ?

प्रश्न 20. कश्मीर समस्या क्या है ? विस्तार से समझाइए। 5

*अथवा*

1971 में हुए भारत–पाक युद्ध में पाकिस्तान की पराजय के क्या कारण थे ?

प्रश्न 21. लोकसभा की किन्हीं **पाँच** शक्तियों का वर्णन कीजिए। 5

*अथवा*

राष्ट्रपति के संकटकालीन अधिकारों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 22. जनसंख्या वृद्धि रोकने के कोई **पाँच** उपाय लिखिए। 5

*अथवा*

मादक पदार्थों का शरीर पर क्या प्रभाव होता है? कोई **पाँच** लिखिए।

प्रश्न 23. सरकार द्वारा वन संरक्षण के लिये किये गये प्रयासों का वर्णन कीजिए। 6

*अथवा*

भारत में लोहा उत्पादन क्षेत्रों के वितरण का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 24. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए— 6
(i) रानी लक्ष्मीबाई,
(ii) तात्या टोपे।

*अथवा* http://www.a2zSubjects.com

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना के लिये उत्तरदायी कारणों का विवरण दीजिए।

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com